<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 30.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 35 लाख महिलाएं पीएम स्वनिधि योजना से जुड़कर हुईं स्वावलंबी ।
- जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत गठित, जल्द होगा मुकदमों का निपटारा।
- स्वाइन फ्लू को लेकर झारखंड में भी अलर्ट, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी जिला अस्पतालों में 10–10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाने का दिया निर्देश।
- फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2026–27 के चुनाव के लिए कल से शुरू होगा नामांकन, 13 सितंबर को मतदान।
- सिमडेगा में चल रही मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला महिला पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन आज एसटीसी सिमडेगा और सेंट जेवियर बरवाडीह ने दर्ज की जीत।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से कारोबारी आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इनमें 46 प्रतिशत महिलाएं हैं। आज देशभर की 35 लाख महिलाएं पीएम स्वनिधि योजना से जुड़कर स्वावलंबी बनी हैं। श्रीमोदी ने आगे कहा कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान इस समय पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना अपने साथ चारों ओर देशभक्ति के कई रंग लेकर आया।

********************

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत का गठन किया गया है। राज्य सरकार की अनुशंसा और हाईकोर्ट के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत को पूरे राज्य के लिए विशेष अदालत नामित किया है। इस अदालत का अधिकार क्षेत्र पूरे झारखंड में होगा। जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में गड़बड़ी से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए यह व्यवस्था की गई है।

********************

झारखंड की भर्ती व्यवस्था में सुधार को लेकर शुरू की गई भर्ती सुधार यात्रा पाकुड़ पहुंची। इस दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जायेगा।

********************

झारखंड उच्च न्यायलय में राज्य सरकार की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन परीक्षा की नियुक्त प्रक्रिया रद्द करने के आदेश को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका पर कल सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान 31 अगस्त की तिथि निर्धारित की है।

********************

देवघर श्रावणी मेला 2026 के दौरान रेल से यात्रा करने वाले कांवरियों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 7 दशमलव पांच चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्वी रेलवे के अनुसार जसीडीह, देवघर, बैद्यनाथधाम और बासुकीनाथ स्टेशनों से इस वर्ष 30 लाख 99 हजार 846 यात्रियों ने सफर किया। इससे रेलवे को 14 करोड़ 24 लाख रुपये की आय हुई, जबकि 2025 में 12 करोड़ 81 लाख रुपये की आय हुई थी।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

देश के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी सिविल सर्जनों को सतर्क रहने और संक्रमण से निपटने के लिए जिला अस्पतालों में कम से कम 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाने का निर्देश दिया है।

********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्ष 2026–27 के चुनाव के लिए कल से नामांकन शुरू होगा। वहीं 13 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी एक सितंबर शाम चार बजे तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 3 सितंबर दोपहर तीन बजे है। चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर के अनुसार प्रत्याशी के लिए चैंबर की एक वर्ष की सदस्यता जरूरी है।

********************

राजधानी रांची में आज विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से आदिवासी एकता महाजुटान रैली का आयोजन किया जा रहा है भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुबह छह बजे से रात बारह बजे तक रांची में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में आयोजित फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 88वें संस्करण में भाग लिया। संवाददाताओं से बातचीत में डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना व्यायाम का एक उत्कृष्ट रूप है। यह प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए महत्वपूर्ण है और यातायात जाम की समस्या का एक प्रभावी समाधान है।

********************

राष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर सिमडेगा में आयोजित 21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला महिला पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन आज महिला टीमों के बीच नौ मैच खेले जा रहे हैं। अभी तक दो मैच के परिणाम आ चुके हैं। पहले मैच में एसटीसी सिमडेगा ने एसटीसी लचड़ागढ़ को 3–0 से और दूसरे मैच में संेट जेवियर बरवाडीह ने संत अन्ना सामतोली को एक 1–0 से पराजित किया।

********************